UNIVERSAL
LIBRARY

OU_178982

UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H86 V28P Accession No. G.H. 2665

Author वर्मा, धीरेन्द्र और तार्ष्णेय, लक्ष्मीसागर (सं)

Title प्राचीन हिंदी-पद्य संग्रह 1959.

This book should be returned on or before the date last marked below.

प्राचीन हिन्दी-पत्र संग्रह

संपादक

धीरेन्द्र वर्मा :: लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय



प्रकाशक

इलाहाबाद यूनीवर्सिटी

१९५९ ई०

प्रकाशक
इलाहाबाद यूनीवर्सिटी

प्रथम संस्करण
१९५९ ई०

मुद्रक
पी० एल० यादव
इंडियन प्रेस, प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद

विषय-सूची

विषय		पृ० सं०
१—भूमिका	..	.. १—१५
२—मूल पत्र	..	.. १—२७७
३—चित्र		
४—पत्रों में उल्लिखित स्थानों से संबंधित मानचित्र		
५—पत्रों के अँगरेज़ी में संक्षिप्त रूपान्तरों की भूमिका		.. 1—28
६—पत्रों के अँगरेज़ी में संक्षिप्त रूपान्तर	..	.. 29—70
७—परिशिष्ट :		
१. रियासतों के अनुसार पत्रों का वर्गीकरण		.. १—२
२. नामानुक्रमणिका	..	.. ३—९

भूमिका

प्रस्तुत संग्रह में संकलित पत्रों, इक़रारनामों आदि का संबंध भारतीय इतिहास के उस काल से है जब कि भारतीय राजनीतिक जीवन अनियमित और अराजकता-पूर्ण हो गया था और तत्कालीन परिस्थिति से लाभ उठाकर एक विदेशी सत्ता अपने को स्थापित करने में संलग्न थी। यह सत्ता ब्रिटिश सत्ता थी। इस विदेशी सत्ता की स्थापना से भारतीय इतिहास ने अनेक दृष्टिकोणों से नए मोड़ लिए। भारतीय शक्तियों में से उस समय मराठों की शक्ति सर्वोपरि थी। शिवाजी की मृत्यु (१६८० ई०) के पश्चात् मराठों की शक्ति का उत्कर्ष अवश्य हुआ, किन्तु उनमें पारस्परिक वैमनस्य और कलह की निरंतर वृद्धि होती गई, और फलतः उनकी शक्ति बिखरती गई। तो भी उन्होंने मुग़ल-साम्राज्य का विध्वंस करने में बड़ा भाग लिया और औरंगज़ेब (मृ० १७०७ ई०) के बाद देश के राजनीतिक जीवन में अपना प्रमुख स्थान बना लिया। वास्तव में पेशवा-पद के उदय (बालाजी विश्वनाथ, १७१४–२० ई०) के बाद मराठा शक्ति का पुनरुत्थान हुआ और महाराष्ट्र में शांति और सुव्यवस्था की स्थापना हुई। मराठों की शक्ति का यह पुनर्संगठन १७१४ ई० और १७२० ई० के बीच हुआ था। दिल्ली के मुग़ल सम्राट् नाममात्र के सम्राट् रह गए थे। षड्यंत्रों, प्रतारणाओं और विद्रोहों की धधकती हुई ज्वाला से मुग़ल-साम्राज्य झुलस गया था। चारों ओर प्रति-द्वन्द्वी दल स्वार्थ सिद्धि में लीन थे। १७४८ ई० में मुहम्मदशाह की मृत्यु अठारहवीं शताब्दी के इतिहास की एक प्रमुख घटना है, क्योंकि उसके बाद फिर अराजकता और अव्यवस्था उत्पन्न करनेवाली शक्तियों का दिन-पर-दिन ज़ोर बढ़ता गया। मुहम्मदशाह के राजत्व-काल में ही मराठों की शक्ति फिर से बढ़ी थी। पेशवा बाजीराव (प्रथम) (१७२१-१७४० ई०) ने बुन्देलखण्ड और सूबा 'हिन्दुस्तान' को हस्तगत कर दिल्ली के मुग़ल-सम्राट् से 'चौथ' वसूल की थी। उसकी मृत्यु (१७४० ई०) से एक वर्ष पूर्व अँगरेज़ों ने उसके साथ एक संधि स्थापित की थी जिसके अन्तर्गत उन्हें कुछ व्यापार-संबंधी अधिकार प्राप्त हुए थे। बाजीराव के तीन पुत्र थे––बालाजी (१७४०-६१ ई०), राघोबा और, एक मुसलमान स्त्री से उत्पन्न पुत्र, शमशेर बहादुर। शमशेर बहादुर को पेशवा ने बुन्देलखण्ड दिया और शमशेर बहादुर के उत्तराधिकारी ने अपने को बाँदा का नवाब घोषित किया। १७५८ ई० तक मराठा राज्य की सीमाएँ लाहौर और मुलतान तक फैल गई थी। राज्य का यह विस्तार राघोबा के सैनिक नेतृत्व के अन्तर्गत हुआ था। किन्तु शीघ्र ही उन्हें पानीपत (१७६१ ई०) के मैदान में अहमदशाह अब्दाली द्वारा परास्त होना पड़ा। वास्तव में मराठे उत्तरी भारत की मैदानी लड़ाइयों के अभ्यस्त न थे। इस पराजय के फलस्वरूप उनकी राजनीतिक, आर्थिक तथा नैतिक स्थिति को भारी धक्का पहुँचा। केन्द्रीय

मराठा-संघ टूट गया और उसके स्थान पर पाँच छोटे-छोटे मराठा-राज्यों की स्थापना हुई––ग्वालियर में सिंधिया, इन्दौर में होल्कर, बड़ौदा में गायकवाड़, नागपुर में भोंसले और पूना में पेशवा।

परन्तु इतने पर भी मराठों की शक्ति अभी बिल्कुल क्षीण नहीं हुई थी। मालवा, राजपूताना, रुहेलखण्ड तथा दिल्ली पर उनके आक्रमण जारी रहे। मराठों में पेशवा माधवराव प्रथम (१७६१-१७७२ ई०) अत्यन्त कुशल और बुद्धिमान् शासक था। उसने अपने काका राघोबा की महत्त्वाकांक्षाओं को कुंठित करने में सफलता प्राप्त की। किन्तु माधवराव की मृत्यु के बाद एक ओर तो मराठों में पारस्परिक कलह की वृद्धि हुई, और दूसरी ओर, निज़ाम की बढ़ती हुई शक्ति ने उनके लिए एक नया संकट उत्पन्न कर दिया। अँगरेज़ भी भारतीय सत्ताओं के पारस्परिक झगड़ों से लाभ उठाने के अभ्यस्त हो गए थे। उन्होंने इस अवसर से भरपूर लाभ उठाने की चेष्टा की। शीघ्र ही राघोबा और अँगरेज़ों के बीच सूरत की संधि (१७७५ ई०) स्थापित हो गई। इस संधि के फलस्वरूप, आगे चलकर, अच्छे परिणाम दृष्टिगोचर न हुए और उनकी अंतिम परिणति प्रथम मराठा-युद्ध (१७७५-८२ ई०) (जिसे कभी-कभी दो कालों में बाँट दिया जाता है––प्रथम मराठा-युद्ध १७७५-१७७९ ई० और द्वितीय मराठा-युद्ध १७७९-१७८२ ई०) में हुई और भारतीय राजनीतिक जीवन में तीव्र गति से होने वाले परिवर्तनों के साथ-साथ अँगरेज़ों और मराठों के पारस्परिक संबंध भी परिवर्तित होते गए। इस बीच में फ़्रांसीसियों ने नाना फड़नवीस (१७७४-१८०० ई०) से एक गुप्त समझौता कर लिया था जिसके फलस्वरूप अँगरेज़ों द्वारा अधिकृत दक्षिण-पश्चिम भारत के भूमि-भागों के लिए संकट बढ़ गया। पूना की सरकार के विरुद्ध राघोबा की ओर से अँगरेज़ों ने युद्ध आरंभ कर दिया। परंतु वारगाँव (बड़गाँव, १७७८ ई०) की लड़ाई में अँगरेज़ों की अच्छी पराजय हुई। वारेन हेस्टिंग्ज़ (१७७२-१७८५ ई०) द्वारा भेजी गई सेना को भी पराजित होना पड़ा। इस पर अँगरेज़ों ने भेद-नीति से काम लिया और महादाजी सिंधिया (१७३०-१७९४ ई०) को अपनी ओर मिला लिया और नागपुर के भोंसले को रक्षा करने का आश्वासन दिया। अंत में नाना फड़नवीस को भी संधि की शर्तें मानने के लिए विवश होना पड़ा। महादाजी सिंधिया या माधवराव की मृत्यु के उपरान्त बम्बई सरकार द्वारा अधिकृत भूमि-भाग पर से मराठों को हमेशा के लिए अधिकार छोड़ देना पड़ा। राघोबा ने तो पूणरूपेण अँगरेज़ों का प्रभुत्व स्वीकार कर लिया था। तत्पश्चात् जब हैदरअली (ज० लगभग १७२८-१७८२ ई०) ने अँगरेज़ों के विरुद्ध संगठन करना प्रारंभ कर दिया तो निज़ाम और मराठों ने अँगरेज़ों के सम्मुख संधि-प्रस्ताव प्रस्तुत करने की सोची। इन बातों का अन्त १७८२ ई० की सालबाई की संधि में हुआ। इस संधि से अँगरेज़ों को कोई विशेष लाभ तो नही हुआ, किन्तु उनकी भेद-नीति को फलने-फूलने का अवसर अवश्य प्राप्त हुआ। इस संधि के अनुसार उन्होंने माधवराव द्वितीय (मृ० १७९५ ई०) को पेशवा मान लिया। १७८२ ई० में हैदरअली की

मृत्यु हो जाने पर उसके पुत्र टीपू (१७८२-१७९९ ई०) ने अँगरेज़ों के साथ अपना संघर्ष जारी रखा। अँगरेज़ों ने भी स्वरक्षा की दृष्टि से निज़ाम और पेशवा के साथ तरह-तरह की संधियाँ स्थापित कीं। १७९९ ई० में श्रीरंगपट्टम की संधि द्वारा अँगरेज़ों ने टीपू पर पूर्ण विजय प्राप्त की।

१७९५ ई० में पेशवा माधवराव द्वितीय की मृत्यु के बाद मराठों की पारस्परिक फूट और कलह निरन्तर बढ़ती गई और वे आपस में लड़ने लगे। १८०० ई० में नाना फड़नवीस का भी देहावसान हो गया। इतिहास-लेखकों के मतानुसार उसकी मृत्यु के बाद मराठों में कूटनीति और दूरदर्शिता का अभाव पाया जाता है। पूना पर अँगरेज़ों का प्रभुत्व स्थापित हो जाने पर १८०२ ई० में पेशवा ने बेसीन के संधि-पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। इस संधि से पेशवा की स्वतंत्र सत्ता का बहुत-कुछ अपहरण हो गया। बेसीन की संधि से अन्य मराठा-सत्ताधारियों में आक्रोश की भावना उत्पन्न हुई। दौलतराव सिंधिया (१७९४-१८२७ ई०, महादाजी सिंधिया का पौत्र) और बरार (नागपुर) के रघुजी भोंसले (१७८८-१८१६ ई०) ने मिल कर अँगरेज़ों से मोर्चा लेने की ठानी। किन्तु १८०३ ई० में वेलेज़ली (१७९८-१८०५ ई०) ने उनकी शक्ति तोड़ देने का सफल प्रयास किया (तृतीय मराठा युद्ध, १८०२-१८०५ ई०)। १८०५ ई० तक यशवन्तराव होल्कर (१७९५-१८११ ई०) की सैनिक शक्ति कमज़ोर पड़ गई थी और उसे भी अन्त में अँगरेज़ों से संधि करनी पड़ी। सिंधिया, भोंसले और होल्कर की शक्ति क्षीण हो जाने का प्रभाव तत्कालीन समस्त भारतीय राजनीतिक गतिविधि पर पड़ा जिसके फलस्वरूप अँगरेज़ों को उड़ीसा से लेकर बम्बई तथा राजस्थान तक के भूमि-भाग पर अधिकार प्राप्त हो गया। मराठा संघ-शक्ति अब अन्तिम साँस ले रही थी। कुछ समय तक अँगरेज़ों और पेशवा के संबंध अच्छे रहे। किन्तु लॉर्ड हेस्टिंग्ज़ (१८१३-१८२३ ई०) के समय में अँगरेज़ों और पेशवा का फिर संघर्ष हुआ, क्योंकि पेशवा अँगरेज़ों के साथ स्थापित संधि से संतुष्ट नहीं था। फलतः मराठों और अँगरेज़ों के बीच फिर युद्ध के काले बादल मँडराए (चतुर्थ मराठा-युद्ध, १८१७-१८१९ ई०)। हेस्टिंग्ज़ ने १८१७ ई० में पेशवा और दौलतराव सिंधिया को संधि-पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए विवश कर दिया। कुछ वर्षों के अनन्तर मराठों की बची-खुची शक्ति का भी अपहरण हो गया। अस्तु, अठारहवीं-उन्नीसवीं शताब्दियों में अन्तिम महान् राजनीतिक शक्ति, मराठा-शक्ति, पर पूर्ण विजय प्राप्त करने में अँगरेज़ सफल हुए। मराठों में पारस्परिक फूट और कलह पैदा हो गई थी। वे नवीन रण-नीति में भी बहुत अधिक कुशल न थे। ऐसी परिस्थिति में अँगरेज़ों ने अपनी स्वार्थपूर्ण नीति से प्रेरित होकर तथा कुशल कूटनीतिज्ञता और सामरिक शक्ति के आधार पर उन पर विजय प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। यह क्रम १८२० ई० के लगभग तक पूर्ण हो गया था।

मराठों और अँगरेज़ों के राजनीतिक संबंध के साथ-साथ पिंडारियों का उल्लेख करना भी आवश्यक है। पिंडारियों का संबंध किसी विशेष जाति या धर्म से नहीं था,

यद्यपि पिंडारियों को दक्षिण भारत की एक पठान जाति माना जाता है। उनका आविर्भाव मुग़ल-साम्राज्य के अंतिम दिनों की अराजकतापूर्ण परिस्थितियों के कारण हुआ था। वे वीर लड़ाके थे। साधारण जन उनसे आतंकित रहते थे। उनका कार्य-क्षेत्र बुन्देलखण्ड, मध्य भारत, मालवा, राजस्थान और उत्तरी भारत का कुछ भाग था। अँगरेज़ों का विरोध करते समय मराठों ने पिंडारियों को अँगरेज़ी राज्य की सीमाओं पर छापा मारने के लिए उत्साहित ही नहीं किया, वरन् उन्हें अपनी सेनाओं में भी नौकरियाँ दीं। अमीर खाँ, करीम खाँ और चीलू तीन प्रमुख पिंडारी सरदार थे। अमीर खाँ जसवन्तराव होल्कर, और करीम खाँ तथा चीलू दौलतराव सिंधिया के यहाँ उच्च सैनिक पदों पर कार्य कर चुके थे। १८०८-९ ई० में गुजरात में और १८१२ ई० में मिर्ज़ापुर और शाहबाद नामक कंपनी के इलाकों पर उन्होंने आक्रमण किया था। १८१२ ई० में पिंडारी लोग बुन्देलखण्ड में भी घुस आए थे। एक शेख़ बादल नामक पिंडारी का उल्लेख प्रस्तुत पत्रों में भी हुआ है। इसलिए अँगरेजों ने उन्हें दबाना आवश्यक समझा। मराठों से संधि करते समय वे प्रायः एक यह शर्त रखते थे कि मराठे, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, पिंडारियों के साथ किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखेंगे। साथ ही अपनी सैनिक शक्ति द्वारा वे पिंडारियों का अस्तित्व मिटा डालना चाहते थे। मराठों की शक्ति समाप्त होने के लगभग साथ-ही-साथ लॉर्ड हेस्टिंग्ज़ ने पिंडारियों को बिल्कुल दबा दिया।

मराठों और अँगरेज़ों के जिस राजनीतिक संघर्ष, और मराठों के जिस अंतिम पतन का ऊपर उल्लेख किया गया है, प्रस्तुत संकलन में उपलब्ध सामग्री का कुछ अन्य प्रकार के विषयों के अतिरिक्त, उससे और उस संघर्ष-क्षेत्र से अप्रत्यक्ष रूप में सम्बन्ध है। अप्रत्यक्ष रूप में इसलिए, क्योंकि इस सामग्री का संबंध मराठों और अँगरेज़ों के संघर्ष से सीधे न होकर, उसके उस प्रभाव से है जो ज़मीदारों, जागीरदारों, क़िलेदारों आदि पर पड़ा और जिसके फलस्वरूप उन्हें अपने राजनीतिक संबंधों को फिर से नवीन रूप देना पड़ा। ऊपर की विजयों, या पराजयों, या पारस्परिक संधियों, या समझौतों का छोटे-छोटे सत्ताधारियों पर प्रभाव पड़ना और अनेक स्थानीय परिवर्तन होना अवश्यंभावी था। जिस काल से प्रस्तुत सामग्री का संबंध है (१७९३–१८१४ ई०) उस समय उत्तर-भारत में अँगरेज़ी राज्य की सीमा के दक्षिण-पश्चिम में सम्बलपुर, पटना, सिरगुजा और सिंहभूमि समूह की रियासतें थीं (जिनको सामूहिक रूप में 'इक्कीस महाल' कहा जाता था)। १८०३ ई० में रघुजी भोंसले के साथ की गई संधि के अनुसार सम्बलपुर और पटना समूह की रियासतें अँगरेज़ों के अधीन हो गई थी। १८०६ ई० में, रायगढ़ को (जो सम्बलपुर रियासत के अन्तर्गत था) छोड़कर, सभी रियासतें मराठों को लौटा दी गई थीं। १८१८ ई० में अँगरेज़ों ने फिर उन पर अधिकार प्राप्त कर लिया और १८२६ ई० की संधि के अनुसार वे अँगरेज़ी राज्य में बिल्कुल मिला ली गईं। अगरेज़ों ने १८२१ ई० में इन रियासतों के राजाओं और जागीरदारों को सनदें दीं। अँगरेज़ी

सरकार ने प्रारंभ से ही कोई निश्चित नियम निर्धारित नहीं किए थे। फलतः राजाओं और जागीरदारों में अपनी-अपनी स्थिति के संबंध में अनेक भ्रम और सन्देह उत्पन्न हो जाते थे। स्पष्ट है अन्तिम निर्णय अँगरेज़ों के हाथ में रहता था। वे अपने दृष्टिकोण के अनुसार फ़ैसला करते थे। कभी वे परम्परागत संधियों, समझौतों और उत्तराधिकार-नियमों का पालन करना उचित समझते थे, तो कभी मनमानी करना। सिरगुजा समूह की रियासतों पर १८१७ ई० में अँगरेज़ों ने अपना प्रभुत्व स्थापित किया था। लेकिन १८१८ ई० में पारस्परिक फूट और कलह के कारण वहाँ अशांति उत्पन्न हुई और अगरेज़ों को वहाँ अपना एक सुपरिंटेंडेंट रखना पड़ा। सिंहभूमि समूह की रियासतों पर मराठों का प्रभुत्व कभी नहीं रहा। १८१८ ई० में राजा घनश्याम सिंह ने स्वतंत्र रूप से अँगरेज़ों के साथ मित्रता स्थापित कर ली। किन्तु १८५७ ई० के विद्रोह में सिंहभूमि के शासकों द्वारा भाग लिए जाने के कारण अँगरेज़ों ने उसे ज़ब्त कर लिया।

इस संग्रह में नागपुर और उसके आस-पास के भूमि-भाग का भी उल्लेख है। नागपुर का इतिहास रघुजी भोंसले के उस उदय-काल से संबद्ध है जब कि उन्होंने नमदा और गोदावरी के मध्य से लेकर पूर्व म समुद्र तक अपने राज्य की सीमा का विस्तार कर लिया था। आगे चलकर जब माधोजी ने अँगरेज़ों के विरुद्ध मराठों, निज़ाम और हैदरअली का साथ देना चाहा तो अँगरेज़ों ने १७८१ ई० में उनके साथ संधि स्थापित कर ली। माधोजी की मृत्यु १७८८ ई० में हो जाने के उपरान्त श्रीरंगपट्टम की संधि एक महान् ऐतिहासिक घटना थी। आथर वेलेज़ली ने अहमदनगर के क़िले पर अधिकार प्राप्त कर असाई की लड़ाई में सिंधिया और भोंसले की संयुक्त सेना को पराजित किया। अरगाँव के युद्ध में भोंसले को फिर मुँह की खानी पड़ी। उनकी पराजय का क्रम असई, बरहानपुर और गवीलगढ मे पूर्ण हुआ। अंत में १८०३ ई० में उन्होंने अँगरेज़ों के साथ देवगाँव की संधि कर ली। इस संधि के अनुसार रघुजी भोंसले के अधिकांश भूमिभाग पर अँगरेज़ों का अधिकार हो गया। १८०४ ई० में पेशवा के साथ की गई संधि के बाद अँगरेज़ों को वहाँ और भी बल मिला। इन सब बातों का परिणाम यह हुआ कि बरारवालों की आय बहुत घट गई और उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। १८०६ ई० में सम्बलपुर और पटना समूह की रियासतें बरार वालों को देकर उनके अभाव की पूर्ति करने की चेष्टा ज़रूर की गई, किन्तु रघुजी भोंसले के कारण उन्हें कोई विशेष लाभ न हो सका। १८१६ ई० में रघुजी की मृत्यु के उपरान्त नागपुर का इतिहास अनिश्चित गति धारण करता रहा। १८५५ ई० में अँगरेज़ों ने उसे अपने एक चीफ़ कमिश्नर के अन्तर्गत रख दिया और इस प्रकार नागपुर राज्य की स्वतंत्र सत्ता का अपहरण हो गया।

चम्पतराय और छत्रसाल की शौर्य-भूमि बुन्देलखंड का भी भारतीय इतिहास में महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। वहाँ का प्राकृतिक सौन्दर्य वीरों और कलाकारों दोनों का मन मोहित करता आया है। इस भूमि ने अपना वैभव और गौरव सुरक्षित रखने

के लिए अनेक वीर-रत्नों को जन्म दिया। राजा छत्रसाल के समय में मुहम्मद खाँ बंगश ने बुन्देलखण्ड पर आक्रमण किया था, किन्तु बाजीराव पेशवा की सहायता से राजा छत्रसाल ने उसे भलीभाँति पराजित किया और वह बुन्देलखण्ड की सीमा से बाहर खदेड़ दिया गया। बाद को छत्रसाल ने बाजीराव को अपने दत्तक पुत्र के रूप में स्वीकार कर अपना राज्य अपने दो औरस पुत्रों, हृदयशाह और जगतराज, के बीच और बाजीराव के बीच विभाजित कर दिया। इस प्रकार तत्कालीन सूबा 'हिन्दुस्तान' में सर्वप्रथम मराठों का राज्य स्थापित हुआ। कालान्तर में उन्होंने अपने इस राज्य की सीमाओं का निरंतर विकास किया। उधर छत्रसाल के दो औरस पुत्रों के उत्तराधिकारियों का दिन-पर-दिन पतन होता गया। जब माधोजी सिंधिया ने शमशेर बहादुर के पुत्र अली बहादुर के सनिक नेतृत्व में बुन्देलखण्ड के विभिन्न भूमि-भागों पर आक्रमण किए तो अनेक सामन्तों और जागीरदारों ने दिल्ली की वश्यता छोड़ कर मराठों की अधीनता स्वीकार कर ली। लेकिन बुंदेलखण्ड की विपत्तियों का अन्त यहीं नही हो जाता। राजा छत्रसाल के औरस पुत्रों के उत्तराधिकारियों की पारस्परिक कलह ने अली बहादुर की महत्त्वाकांक्षाओं को प्रश्रय दिया। हिम्मत बहादुर ने उसकी आर्थिक सहायता की। हृदयशाह के पुत्र हिन्दूपत के राज्य पर वंश के विद्रोही सेवकों--बेनी हजूरी और खेमराज चौबे--का अधिकार हो गया था। बेनी हजूरी पन्ना में और खेमराज चौबे कालिंजर में जमा था। जगत राज के राज्य की भी दु:खद कहानी है। इस प्रकार बुन्देलखण्ड के अधिकांश में अली बहादुर को अपनी सत्ता स्थापित करने में किसी प्रकार की कठिनाई का अनुभव न करना पड़ा। केवल कालिंजर में उसका डटकर मुक़ाबला किया गया जहाँ १८०२ ई० की लड़ाई के समय उसकी मृत्यु हो गई। किन्तु मरने से पहले उसने पूना के पेशवा के साथ एक समझौता कर लिया था जिसके अनुसार बुन्देलखण्ड मे स्थापित अली बहादुर के राज्य पर पेशवा की सर्वोपरि सत्ता स्वीकार कर ली गई।

किन्तु अँगरेज़ों ने बेसीन-संधि की शर्तों के अनुसार बुन्देलखण्ड की आय का बहुत बड़ा अंश हड़प लिया। यह बात दौलतराव सिंधिया, जसवन्तराव होल्कर और बरार के राजा को बुरी लगी और सबने मिलकर गंगा के दोआब में स्थित अँगरेज़ी राज्य पर आक्रमण करने की सोची। किन्तु इसी समय हिम्मत बहादुर ने स्वार्थपूर्ण दृष्टिकोण से प्रेरित होकर अँगरेज़ों को अपना राज्य सौंप दिया जिससे अँगरेज़ों के पैर बुन्देलखण्ड में भी सर्वप्रथम दृढ़तापूर्वक जम गए। मराठों के मुक़ाबले में उन्हें राजनीतिक और सैनिक दृष्टि से अत्यधिक लाभ हुआ। १८०४ ई० में हिम्मत बहादुर की मृत्यु के बाद अँगरेज़ों ने उसके वंशजों को जागीरें और सनदें प्रदान की। अली बहादुर के पुत्र, शमशेर बहादुर और जुल्फ़िकार अली, अयोग्य शासक सिद्ध हुए। बुन्देलखण्ड में पेशवा की सत्ता नाममात्र ही की रह गई। १८१७ ई० में उसकी शक्ति का ह्रास हो जाने के बाद बुन्देलखण्ड पर एकमात्र अँगरेज़ों का प्रभुत्व स्थापित हो गया और बुन्देलखण्ड की वीरभूमि पराधीन हो गई। अपनी कूटनीति का व्यवहार करते हुए और होल्कर से बचाव

करने की दृष्टि से अँगरेज़ों ने बुन्देलखण्ड के सामन्तों को उनके अधिकारों सहित बनाए रखा। लेकिन अली बहादुर के समय में दिए गए उनके ये अधिकार इसी शर्त पर सुरक्षित रखे गए थे कि वे अँगरेज़ों के प्रति वफ़ादार बने रहेंगे। प्रस्तुत संग्रह में सम्मिलित इक़रारनामों, सनदों आदि से इस बात का प्रमाण मिलता है कि बुन्देलखण्ड के विभिन्न सामन्त, जागीरदार और ज़मींदार या तो अँगरेज़ों के दबाव के कारण, अथवा मराठों से आतंकित होने के कारण, नतमस्तक हुए और उन्हें अँगरेज़ों की शर्तें स्वीकार करनी पड़ीं। आगे चलकर कुछ रियासतें तो इक़रारनामों की अवधि समाप्त हो जाने के कारण अँगरेज़ी राज्य में मिला ली गई, और कुछ १८५७ ई० के विद्रोह में भाग लेने के कारण ज़ब्त कर ली गईं। यह सामग्री बुन्देलखण्ड वैभव के पूर्णास्त की दुःखद कहानी प्रस्तुत करती है।

इस संग्रह का अवलोकन करते समय पाठकों को कालिंजर के चौबे-वंश का भी उल्लेख मिलेगा। वास्तव में जब हृदयशाह को कालिंजर का क़िला अपने पिता छत्रसाल से मिला था, उस समय चौबे रामकिशन वहाँ का क़िलेदार था। अली बहादुर के आक्रमण के कारण बुन्देलखण्ड में जब अराजकता फैली उस समय चौबे लोग कालिंजर के मालिक बन बैठे और उन्होंने अली बहादुर का डट कर मुक़ाबला किया। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, कालिंजर के युद्ध के समय ही उसकी मृत्यु हो गई थी। जिस समय बुन्देलखण्ड पर अँगरेज़ों का प्रभुत्व स्थापित हुआ उस समय कालिंजर का क़िला चौबे रामकिशन के सात पुत्रों के अधिकार में था जिनके नाम थे :—बलदेव, भरतजू, गोविंददास, गंगाधर, नवलकिशोर, शालिग्राम और छत्रसाल। बलदेव की मृत्यु हो चुकी थी, इसलिए क़िले का नायकत्व उसके पुत्र दरियावसिंह के हाथ में रहा। यद्यपि दरियावसिंह बुन्देला राजाओं का वंशज नहीं था तो भी घाटों के ऊपरी भूमि-भाग को छोटे-छोटे सामन्तों के पास रहने देने की नीति का अनुसरण करते हुए अँगरेज़ों ने अपने प्रति वफ़ादारी की शर्त पर उसके साथ समझौता कर लिया। अजयगढ़ के क़िलेदार के साथ कुछ झगड़ा होने के कारण उस समय दरियावसिंह को कोई सनद न दी जा सकी। किन्तु शीघ्र ही दरियावसिंह और अँगरेज़ों में संघर्ष प्रारंभ हो गया। १८१२ ई० में अँगरेज़ों ने कालिंजर पर आक्रमण किया। उन्हें जितनी सफलता मिलनी चाहिए थी उतनी सफलता तो नहीं मिली, किन्तु दरियावसिंह ने इस शर्त पर उनकी अधीनता स्वीकार कर ली कि उसके वंशवालों के पास उस समय जो ज़मीनें थीं उनके बदले में उन्हें और ज़मीनें दी जाएँगी। क्योंकि उसके वंश में आपस में बहुत झगड़े चले हुए थे, इसलिए अँगरेज़ों ने यह निश्चय किया कि उसके वंश के प्रत्येक सदस्य को अलग-अलग व्यक्तिगत रूप में सनदें दी जायँ। उन्होंने चौबे खानदान के वकील गोपाललाल को एक अलग सनद देने का निश्चय किया। पुहकरप्रसाद और गयाप्रसाद क्रमशः गोविन्ददास और गंगाधर के पुत्र थे। बटवारे के समय पुहकरप्रसाद और गयाप्रसाद की मृत्यु हो चुकी थी। दो हिस्से दो स्त्रियों को मिले थे—एक तो छत्रसाल की माँ का था, और दूसरा भरतजू

की विधवा पत्नी का। छत्रसाल की माँ ने अपनी तथा अन्य हिस्सेदारों की मर्ज़ी से अपना हिस्सा छत्रसाल चौबे को देने का निश्चय किया। भरतजू की विधवा पत्नी का हिस्सा नवलकिशोर को मिला। किन्तु १८१७ ई० में उन दोनों के हिस्से अलग-अलग कर दिए गए। वंश के उत्तराधिकार-नियम के अनुसार ये हिस्से निरन्तर छोटे होते गए और अन्त में उनमें से अनेक अँगरेज़ी राज्य में मिला लिए गए।

बुन्देलखण्ड के प्रसंग में, अन्य अनेक स्थानों के अतिरिक्त, रीवा, चरखारी, बिजावर, अजयगढ़, छतरपुर, मैहर, लोगासी, बेरौंदा, बेहरी, जस्सू आदि के नाम प्रमुख रूप से उल्लेखनीय हैं। रीवा के राजा जयसिंह देव से अँगरेज़ों ने सर्वप्रथम संधि स्थापित की थी। १८१२ ई० में जब पिंडारियों ने रीवा की तरफ़ से आकर मिर्ज़ापुर में लूटमार की तो, यह कहा जाता है कि, उसमें राजा जयसिंह देव की दुरभिसंधि दिखाई दी। दबाव पड़ने के कारण उसने अँगरेज़ों से संधि की थी। किन्तु संधि की शर्तों का पालन न कर सकने के कारण उसने युवराज विश्वनाथ सिंह को गद्दी पर बिठा दिया और रीवा ने पूर्णतः अँगरेज़ों की अधीनता स्वीकार कर ली। चरखारी के विजय-बहादुर को अली बहादुर ने जागीर बख़्शी थी, क्योंकि जब छत्रसाल के वंशज आपस में लड़ रहे थे उस समय उसने अली बहादुर की सहायता की थी। विजयबहादुर उन बुन्देला सामन्तों में से माना जाता है जिन्होंने सर्वप्रथम अँगरेज़ों का प्रभुत्व स्वीकार किया। अँगरेज़ों ने उसे एक सनद १८०४ ई० में प्रदान की और दूसरी १८११ ई० में। विजय बहादुर की मृत्यु १८२९ ई० में हुई और उसका उत्तराधिकार, काफ़ी झगड़े के बाद, रतनसिंह को प्राप्त हुआ। बुन्देलखण्ड में जब अँगरेज़ों का पदार्पण हुआ तो उस समय केसरीसिंह बिजावर का शासक था। वह जगतराज के पुत्र वीरसिंह देव का पुत्र था। उसने भी अँगरेज़ों की अधीनता स्वीकार कर ली थी, किन्तु चरखारी के राजा विजयबहादुर और छतरपुर के कुँवर सोने साह के साथ झगड़ा होने के कारण उसे कोई सनद न दी जा सकी थी। १८१० ई० में उसकी मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र रतनसिंह गद्दी पर बैठा और उसे अँगरेज़ों से सनद प्राप्त हुई। १८३३ ई० में उसकी मृत्यु के उपरान्त उसका भतीजा लछमनसिंह उत्तराधिकारी बना। अजयगढ़ के राजा को प्रारम्भ में 'राजा साहब बाँदा' कहा जाता था। अली बहादुर ने वहाँ के राजा बख़्तसिंह की दुर्दशा कर डाली थी। किन्तु अँगरेज़ों की सहायता से वह पुनः अपनी पूर्वावस्था को प्राप्त हुआ। १८०७ ई० में अँगरेज़ों ने उसे सनद प्रदान की। १८०८ ई० में उसकी पेंशन बन्द कर दी गई। इस समय लछमन दौआ नामक एक वीर साहसिक ने अजयगढ़ राज्य और क़िले का बहुत बड़ा भाग अपने क़ब्ज़े में कर लिया था। उसे अपनी ओर मिलाने के लिए अँगरेज़ों ने उसी स्थिति में उसे इस शर्त पर स्वीकार कर लिया कि वह उनके साथ विश्वासघात नहीं करेगा। किन्तु शर्तों का पालन न कर सकने के कारग वह शीघ्र ही हटा दिया गया और उसके भाग का बहुत बड़ा अंश अजयगढ़ के राजा को दे दिया गया। १८१२ ई० में राजा बख़्तसिंह को सनद प्राप्त हुई। १८३७ ई० में उसकी मृत्यु के पश्चात्

उसका ज्येष्ठ पुत्र माधोसिंह गद्दी पर बैठा। वह निस्सन्तान रहा और १८४९ ई० में परलोक सिधार गया। पन्ना के राजा किशोरसिंह के पितामह राजा हिन्दूपत का एक सेवक था जो आगे चलकर कुँवर सोने साह जू के नाम से विख्यात हुआ। बुंदेलखण्ड पर मराठों के आक्रमण के समय वह एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक व्यक्ति बन बैठा था। १८०६ ई० में अँगरेज़ों ने उसी को सनद दे दी। १८०८ ई० में उसे मऊ और उसके पुत्र प्रतापसिंह को छतरपुर दिया गया। १८१२ ई० में कुँवर सोने साह जू ने अपनी रियासत अपने पाँच पुत्रों में विभाजित की जिसके फलस्वरूप प्रतापसिंह का हिस्सा बहुत कम हो गया। अँगरेज़ों ने यह बँटवारा स्वीकार नहीं किया और सोने साह की मृत्यु हो जाने पर बुन्देलखण्ड-स्थित अपने एजेंट को आदेश दिया कि प्रतापसिंह के साथ समझौते का प्रधान आधार पिछला बँटवारा ही माना जाय। उन्होंने हिम्मतसिंह, पृथ्वीसिंह, हिन्दूपत और बख्तसिंह नामक अन्य चार भाइयों को उसके अधीन रखा। १८१५ ई० में उनके आदेशों का पूर्णतः पालन कर दिया गया और पाँचों भाइयों को अलग-अलग सनदें मिलीं। १८२७ ई० में प्रतापसिंह को 'राजा' की पदवी प्रदान की गई।

मैहर रियासत प्रारंभ में रीवा के मातहत थी। जब अँगरेज़ो ने बुन्देलखण्ड में अपने पैर जमाए तो उस समय ठाकुर दुर्जनसिंह मैहर रियासत का मालिक था। १८१४ ई० में अँगरेज़ों ने उसे सनद दी। १८२६ ई० में उसकी मृत्यु के पश्चात् मैहर रियासत उसके दो पुत्रों, बिशनसिंह और प्रागदास, में बाँट दी गई। मैहर ज़िला बिशनसिंह के हिस्से में पड़ा। जहाँ तक लोगासी से संबंध है, हृदयशाह का पौत्र दीवान धीरजसिंह बुन्देलों और अली बहादुर के शासन-काल में सात गाँवों का मालिक था। अँगरेज़ों का अधिकार स्थापित हो जाने पर उसने एक इक़रारनामा लिख दिया और वह अपने पद पर सुरक्षित बना रहा। वृद्धावस्था के कारण उसने १८१४ ई० में अपने द्वितीय पुत्र सरदारसिंह को गद्दी पर बिठाना चाहा। उसके ज्येष्ठ पुत्र पद्मसिंह ने चार वर्ष पूर्व उसके प्रति विद्रोह किया था, इसलिए वह उसे अपना उत्तराधिकारी बनाना नही चाहता था। अँगरेज़ी सेना की सहायता से ही दीवान धीरजसिंह ने उसका विद्रोह दबाने में सफलता प्राप्त की थी। किन्तु अँगरेज़ो ने न तो दीवान धीरजसिंह को गद्दी से हटने दिया और न सरदारसिंह को ही नई सनद प्रदान की। किन्तु उनसे नए इक़रारनामे अवश्य लिखा लिए गए। बुन्देलखण्ड के इतिहास में बरौंदा का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह रियासत राजपूतों की राजवंशी जाति के अधिकार में थी। १८०७ ई० में अँगरेज़ों ने मोहनसिंह को सनद बख़्शी, किन्तु वह बेचारा १८०७ ई० में ही इस दुनिया से कूच कर गया। उसका अधिकार उसके भतीजे राजा सर्वजीतसिंह को मिला। बेहरी रियासत की दृष्टि से दीवान जुगलप्रसाद का नाम उल्लेखनीय है। वह जगतराज के कन्या-पक्ष का वंशज था। उसके पितामह ने जगतराज की पुत्री से विवाह किया था और उमरी, चिली और दादरी गाँव जागीर के रूप में प्राप्त किए थे। बुन्देला राजाओं के शासन-काल में ये गाँव उन्ही के पास बने रहे और

अली बहादुर ने उन पर जुगलप्रसाद का अधिकार स्वीकार किया। जब अँगरेज़ बुन्देलखण्ड आए तो उस समय जुगलप्रसाद के पास केवल उमरी गाँव रह गया था। दादरी गाँव नाना गोविन्द राव ने कालपी ज़िले के कुछ गाँवों के बदले में ले लिया था। कुछ समय के पश्चात् अँगरेज़ों ने इन सब गाँवों का मालिक दीवान जुगलप्रसाद को ही माना। चिली तो उसे मिला ही, दादरी के बदले उसे परगना जलालपुर में ज़मीन दे दी गई। १८१४ ई० में जुगलप्रसाद का देहांत हो गया। उसका अधिकार उसके भतीजे फैरनसिंह को प्राप्त हुआ। कोटरा सहित जसो रियासत (बघेलखण्ड) जगतराज के पास थी। १७६६ ई० में उसने अपनी यह रियासत अजयगढ़-वंश के पूर्वज, गुमान-सिंह, चरखारी-वंश के पूर्वज, खुमानसिंह, और जैतपुर राज्य के संस्थापक, पहाड़सिंह, के बीच बाँट दी। उत्तराधिकार-नियम के अनुसार बालक मूरतसिंह जस्सू रियासत का मालिक बना। अली बहादुर ने रियासत को अपने अधिकार में करते ही उसे मूरतसिंह के पिता चेतसिंह के एक विद्रोही नौकर गोपालसिंह के हवाले कर दिया। १८०७ ई० और उसके बाद जस्सू रियासत को लेकर अजयगढ़ के राजा बख्तसिंह से बड़ा झगड़ा हुआ। अन्त में अँगरेज़ों ने १८१६ ई० में मूरतसिंह को सनद दी और जो झगड़े बच रहे थे उनका निबटारा किया।

इन प्रमुख रियासतों के संक्षिप्त विवरण से यह ज्ञात हो जाता है कि बहुत दिनों तक अँगरेज़ों ने अली बहादुर के शासन-काल में स्थापित उत्तराधिकार-नियमों का पालन किया, यद्यपि अपनी सुविधानुसार उन्होंने उनकी अवहेलना भी की। साथ ही उन्होंने राज-वंशों के विद्रोही सेवकों तक को सहायता प्रदान की। जो उनका 'साथ' देता था वे उसी को अपनी सैनिक शक्ति की 'छत्रछाया' में ले लेते थे। उपर्युक्त रियासतों के कई शासकों ने कभी-कभी विद्रोह करने की चेष्टा भी की। किन्तु अँगरेज़ों की संगठित सैनिक शक्ति और कूटनीति के सामने उनकी एक न चली और अन्ततोगत्वा उन्हें अँगरेज़ों की अधीनता पूर्णरूपेण स्वीकार करनी पड़ी। गोपालसिंह बुन्देला भी एक ऐसा ही वीर था जिसने बुन्देलखण्ड में अँगरेज़ी शासन का प्रारंभ से ही विरोध किया। वह छत्रसाल के पौत्रों, दुर्जनसिंह और हरीसिंह, का कर्मचारी था। अली बहादुर ने जब बुन्देलखण्ड पर आक्रमण किया तो उसने कोटरा पर अधिकार जमा लिया था। अँगरेज़ों ने उसे पराजित करने की अथक चेष्टा की। जब उसे शरण लेने की कोई जगह न रह गई तो वह हारकर अँगरेज़ों के सम्मुख क्षमा-प्रार्थी हुआ और १८१२ ई० में उसे सनद मिल गई। १८३१ ई० में वह वीरगति को प्राप्त हो गया। इसी प्रकार नया गाँव का लछमन-सिंह भी बहुत दिनों तक अँगरेजों से मोर्चा लेता रहा। किन्तु विवश होकर उसे भी उनकी अधीनता स्वीकार करनी पड़ी। १८०७ ई० में उसे सनद मिल गई थी, लेकिन १८०८ ई० में उसका परलोक-गमन हो गया। उसके बाद उसके पुत्र जगतसिंह ने अँगरेज़ों से मित्रता बनाए रखी। बूरागढ़ के क़िलेदार राजाराम ने भी अँगरेज़ों की अधीनता स्वीकार करने से इंकार कर दिया था। राजा अजयगढ़ के माध्यम द्वारा अँगरेज़ों के लाख चेष्टा करने पर भी वह हाथ न आया। अंत में गोपालसिंह और लछमनसिंह की

भाँति उसके लिए भी आत्म-समर्पण के अतिरिक्त कोई चारा न रह गया और १८०७ ई० में उसने अँगरेज़ों द्वारा दी गई सनद स्वीकार कर ली। १८४६ ई० में वह इस दुनिया से चल बसा। सोहावल रियासत पन्ना राज्य के अधीन थी। लाल अमानसिंह ने अँगरेज़ों से सनद लेकर ताबेदारी का इक़रारनामा लिख दिया। कोठी और उँचहरा रियासतों की भाँति ही सोहावल रियासत से व्यवहार किया गया था। बीच में लाल अमानसिंह ने अपनी रियासत अपने ज्येष्ठ पुत्र के हाथ सौंप दी। १८३० ई० में एक व्यापारी का रुपया चुकाने की दृष्टि से अँगरेज़ों ने उसे अपनी निगरानी में ले लिया था। लेकिन १८३३ ई० में वह फिर लाल अमानसिंह को वापस कर दी गई, क्योंकि इस समय तक उसका पुत्र मर चुका था। कोठी और उँचहरा रियासतें भी पन्ना राज्य के अधीन थीं। कोठीवाले बघेला थे। उनके स्वत्वों का अपहरण न तो बुन्देला राजाओं ने किया था और न अली बहादुर ने। इसलिए अँगरेज़ों ने भी १८१० ई० में लाल दुनियापत को सनद बख़्श दी। उँचहरावालों की भी कोठीवालों के समान स्थिति थी। १८०९ ई० में लाल शिवराजसिह को सनद मिली। १८१८ ई० में उसका पुत्र, बलभद्रसिंह, गद्दी पर बैठा। इसी प्रकार अलीपुरा रियासत के दीवान प्रतापसिंह को भी १८०८ ई० में सनद प्रदान कर अँगरेज़ों ने उसे अपने संरक्षण में ले लिया था। दीवान अपरबलसिंह और दीवान चथारी ने अँगरेज़ों से सनदें प्राप्त कीं। सुरीला के राजा तेजसिंह को, जो जगतराज का प्रपौत्र था, अली बहादुर ने उसके अधिकारों से वंचित कर दिया था। राजा हिम्मत बहादुर के कारण अँगरेज़ों ने उसका अधिकार फिर स्वीकार किया और १८०७ ई० में उसे सनद प्रदान की। बड़गाँव तथा अन्य अनेक ऐसी छोटी-छोटी रियासतों ने भी किसी-न-किसी विवशता के कारण अँगरेज़ों से सनदें प्राप्त कर उनकी अधीनता स्वीकार की। उनमें से कुछ का उल्लेख प्रस्तुत संग्रह में मिलेगा।

उपर्युक्त संक्षिप्त ऐतिहासिक विवरण से यह स्पष्ट हो जाता है, और उसकी पुष्टि प्रस्तुत पत्रों, सनदों और इक़रारनामों से भी हो जाती है, कि अँगरेज़ों की दृष्टि मराठा-शक्ति को छिन्न-भिन्न करने की ओर थी। मराठों के परस्पर वैमनस्य, फूट, स्वार्थ-लिप्ति और संघ-शक्ति के अभाव ने अँगरेज़ों को सफलता प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। अँगरेज़ों ने भेदनीति का अनुसरण करते हुए कभी एक का साथ दिया, तो कभी दूसरे का। अवसरानुकूल उन्होंने कभी हस्तक्षेप की नीति का अनुसरण किया, तो कभी अ-हस्तक्षेप की नीति का। इस पर वेलेज़ली की सहायक-संधि-नीति या मांडलिक संबंध-नीति (Subsidiary Alliance System) ने अपना प्रभाव प्रदर्शित किया। इस सहायक-संधि-नीति के अनुसार अँगरेज़ देशी नरेशों को आर्थिक सहायता देते थे, उनके यहाँ अपनी सेना रखते थे, उस सेना के व्यय का उत्तरदायित्व भी देशी नरेशों पर रहता था, देशी नरेश बिना अँगरेज़ों की अनुमति के न तो किसी से युद्ध कर सकते थे और न संधि कर सकते थे, और वे अँगरेज़ों के अतिरिक्त अन्य किसी यूरोपियन को अपने यहाँ नौकरी भी नहीं दे सकते थे। देशी नरेशों को अपने

यहाँ एक अँगरेज़ रेज़ीडेंट भी रखना पड़ता था जिससे वह शासन-संबंधी मामलों में परामर्श करता था। पहले तो देशी नरेश ऐसी संधि को अपमानजनक समझते रहते थे, किन्तु अँगरेज़ अपनी कूटनीति द्वारा ऐसी परिस्थिति उत्पन्न कर देते थे कि बड़े-बड़े भारतीय सामन्तों को सहायक-संधि-नीति स्वीकार कर लेनी पड़ती थी। इस नीति के अन्तर्गत देशी राज्यों को अँगरेज़ी राज्य में मिलाया जाना सरल हो गया। सहायक-संधि-नीति के स्वीकार करते ही वास्तविक सत्ता अँगरेज़ रेज़ीडेंट के हाथ में चली जाती थी और देशी नरेश नाममात्र के नरेश रह जाते थे। वास्तव में वेलेज़ली की यह नीति भारतीय नरेशों के लिए बड़ी घातक सिद्ध हुई। सच बात तो यह है कि मराठा शक्ति के नाश के बीज वेलेज़ली और उसके भाई आर्थर वेलेज़ली ने बोए। सहायक-संधि-नीति के व्यवहार से उन्हें और उनके उत्तराधिकारियों को अभूतपूर्व सफलता मिली। छोटे-बड़े सभी सामन्तों के साथ उन्होंने यह नीति बरती।

प्रारंभ में नेपाल के साथ अँगरेज़ों के संबंध केवल व्यापार की दृष्टि से थे। उनके पारस्परिक राजनीतिक सम्बन्ध १७६७ ई० में गोरखों के आक्रमण, और काठ-माण्डू के नेवार राजा के स्थान पर गोरखा-राज्य स्थापित होने से प्रारंभ होते है। गोरखों ने इतनी अधिक शक्ति प्राप्त कर ली थी कि अँगरेज़ों ने उन्हीं को नेपाल का शासक मान लिया। पहाड़ी प्रदेश को अपने अधिकार में कर लेने के पश्चात् गोरखे हिमालय की तलहटी वाला भाग उसी शर्त पर चाहते थे जिस शर्त के आधार पर वह मकवानपुर के राजा के पास था। इससे गोरखों के राज्य की सीमा का विस्तार गोरखपुर तक हो जाता था। अँगरेज़ों की गृद्ध-दृष्टि कुमायूँ-गढ़वाल के इलाक़ों पर थी। इससे दोनों का संघर्ष अवश्यंभावी था। किन्तु जब गोरखों की दृष्टि तिब्बत पर पड़ी तो उनमें और चीनी सम्राट् में संघर्ष हुए बिना न रह सका। अँगरेज़ों के हस्तक्षेप करने से पूर्व ही गोरखों को चीनियों के हाथों बुरी तरह पराजित होना पड़ा। १८०० ई० में नेपाल के राजा रणबहादुर ने अपनी एक रानी को रीजेंट बनाकर अपने जारज पुत्र गीर्वाण जोध विक्रम साह को गद्दी पर बिठाकर काशी-वास करने का निश्चय किया। अँगरेज़ों ने इस अवसर से लाभ उठाना चाहा और १७९२ ई० की संधि के अनुसार उन डाकुओं और लुटेरों को बन्दी बना कर वापस भेजने की माँग प्रस्तुत की जो नेपाल राज्य की सीमा से मिली अँगरेज़ी राज्य की सीमा पर उत्पात मचाते थे। सारन और गोरखपुर ज़िलों में दोनों की सीमाएँ मिलती भी थीं। इस संबंध में कैप्टेन नॉक्स द्वारा अक्टूबर, १८०१ ई० में एक संधि हुई जिसके अनुसार वह प्रथम अँगरेज़ रेज़ीडेंट नियुक्त हुआ। किन्तु रणबहादुर की बड़ी रानी ने काठमाण्डू में आकर सारी शक्ति अपने हाथ में ले ली और उसका और अँगरेज़ों का संघर्ष फिर प्रारम्भ हो गया। इस संघर्ष के फलस्वरूप २४ जनवरी, १८०४ को लॉर्ड वेलेज़ली ने नेपाल दरबार से अपना राजनीतिक संबंध-विच्छेद कर दिया। रणबहादुर भी नेपाल लौट आया। किन्तु अपने भाई के साथ संघर्ष में वह मारा गया। कहा जाता है वह बड़ा अत्याचारी था। लेकिन उसके एक नवयुवक सहायक, भीमसेन थापा, ने बालक गीर्वाण जोध

विक्रम को अपनी सुरक्षा में ले लिया और शासन-संबंधी सभी सूत्र उसके हाथ में आ गए। तत्पश्चात् नेपाल राज्य और अँगरेज़ी राज्य के बीच सीमा-संबंधी अनेक झगड़े चलते रहे। १८०८ ई० तक गोरखों ने बुटवल, शिवराज आदि स्थानों पर अधिकार कर अपने राज्य का विस्तार कर लिया था। १८०९ ई० में अँगरेज़ों ने गोरखों से युद्ध करने की ठानी, लेकिन गोरखे उस समय युद्ध बचा गए और अधिकृत स्थानों से हट गए। १८११ ई० में उन्होंने फिर बुटवल और बेतिया की सीमा पर स्थित कुछ स्थानों को हस्तगत कर लिया। बेतिया की जनता का कुछ गोरखा-विरोधी रुख देख-कर लॉर्ड हेस्टिंग्ज़ ने १८१४ ई० में गोरखों पर आक्रमण कर दिया। गोरखों ने वीरभद्र के नेतृत्व में अपूर्व रण-कौशल प्रदर्शित किया और अँगरेज़ों को पूर्ण विजय प्राप्त न हो सकी। किन्तु अँगरेज़ सेनापति जनरल ऑक्टरलोनी को, जो लुधियाने से बढ़ा था, सफलता मिली और उसने सेनापति अमरसिंह को हरा दिया। नेपाल सरकार ने १८१६ ई० में सिगौली की संधि स्वीकार कर ली। इस संधि के अनुसार नेपाल राज्य ने तराई पर अपना अधिकार छोड़ दिया और कुमायूँ पर अँगरेज़ों का स्वत्व स्वीकार कर लिया। अब एक अँगरेज़ रेज़ीडेंट भी नेपाल की राजधानी काठमाण्डू में रहने लगा। सिगौली की संधि द्वारा अँगरेज़ों को अनेक महत्त्वपूर्ण राज-नीतिक लाभ प्राप्त हुए।

१८३२ ई० में भीमसेन थापा के विरुद्ध विद्रोह के चिह्न दृष्टिगोचर होने लगे। १८३९ ई० में थापा-वंश का अस्तित्व मिट गया। उसके बाद तो अँगरेज़ों का विरोध और भी खुले रूप में होने लगा। किन्तु १८५७ ई० के विद्रोह में महाराजा जंगबहादुर ने अँगरेज़ों की सहायता की।

× × ×

ऊपर जिन ऐतिहासिक और राजनीतिक बातों का उल्लेख किया गया है उनका सीधा संबंध प्रस्तुत संग्रह में संकलित सामग्री से है। 'हिंदुई' शब्द के प्रयोग, दास-प्रथा पर प्रतिबंध लगाने, और पिंडारियों की दृष्टि से, उदाहरणार्थ, क्रमशः पत्र-संख्या ४०, १२९, ११६ और १३२ देखने योग्य हैं। कुछ पत्र ऐसे भी हैं जिनका ऐतिहासिक या राजनीतिक दृष्टि से कोई महत्व नहीं है (जैसे ज़िला बिहार की कचहरी में पेश रामलोचन दारोग़ा का मुक़दमा)। किन्तु इन सभी पत्रों, इक़रारनामों, सनदों आदि का भाषा के अध्ययन की दृष्टि से महत्त्व अवश्य है। इनमें खड़ीबोली के साथ हिन्दी की कुछ अन्य बोलियों के मिश्रित रूप मिलते हैं। अधिकांश पत्रों की भाषा प्रधानतया खड़ीबोली है जिसे 'हिंदवीं' कहा गया है (पृ० ९, ११)। कहीं-कहीं भाषा और लिपि का 'हीदुई', 'हिंदुई' नाम भी मिलता है (पृ० १५, ६९, ७०, २१४)। भाषा की कुछ अव्यवस्था बेपढ़े तथा कम पढ़े बोलनेवालों तथा लेखकों के कारण भी मालूम होती है। अनेक पत्र लेखकों के द्वारा मौखिक ढंग से लिखवाए गए हैं। इस प्रकार की खड़ीबोली का एक उदाहरण नीचे दिया जा रहा है:—

'एक घरी दीन चढ़ा था। तब हम दारोगा रामलोचन के पाश रोजी के व़ाशते जो दशतक चीठी ढोते है गऐ थे। उहा शो अपने घर को गए। जव दारोगा के दरव़ाजा प्र वाहर आऐ तव देखा जो रधीआ मोहन मुद्इ का छोकरी, रोती चली आव़ है। तव हम देखा औ चीन्हा जो रधीआ है।' (पृ० ९)

कुछ पत्रों की भाषा उर्दू की तरफ़ भी झुकी हुई है, जैसे :—

'श्री श्री वडा साहव गरीव प्रव़र सलांमति। सरकार का खैरसलाह मोंदाम का वेहतर चहिये जिस्ते हमारा भला होये। सरकार के अकवाल तें इहा खैरसलाह है। आगे इहां का हंगामा फसाद मरहठे का पेस्तर दफेअ अरज लीषा है। हजुर मोवारक मो रौसन हुआ होगा।' (पृ० १८)

कुछ पत्रों में भोजपुरी का प्रभाव स्पष्ट है :—

'आगे राउर खत आऐल। समाचार पाव़ल।' (पृ० ३२)

'जव़न काम कहीह तव़न हम करी।' (पृ० ३३)

'फौज गैल है।' (पृ० ३७)

'आगें जे वात होने रहे से गुजरल। अव फीरगी डेरा नगर दाखील भेल।' (पृ० ३८)

'आगे वहुत दीन भेल साहेव कै समाचार नहीं मीलल है से दील चीत लागल है।' (पृ० ५७)

बहुत कम पत्रों की भाषा में भोजपुरी के साथ अवधी का मिश्रण मिलता है, जैसे :—

'से तो हम जैवे करव। व़ौन ही कहवे तो काहे जाव। हम तो राउर राह वहुत देखन।' (पृ० ६८)

'षत आव़ा। हव़ाल मालूम भा।' (पृ० २५०)

बुंदेली या ब्रजभाषा के रूप भी बहुत ही कम प्रयुक्त हुए हैं, जैसे :—

'सो हम सौ तौ यौ किलौ जव तै बुदेलन को राज है तव तै रहौ आयौ है।' (पृ० ७६)

'काहू सौदागिर राहगीर कौ माल जिस गाव के पास चोरी व़ा लुटो जाई सो गाव़ के जिमीदारन सौ उनकौ माल देव़ाई देई।' (पृ० ८०)

'अरु आपने कर दई हती।' (पृ० १३४)

'सो हमको लिव़ाई जैहै।' (पृ० १३४)

की तराई से लिखे दो-तीन पत्रों में नेपाली का मिश्रण मिलता है। (पृ० २७३, २७५)

इन पत्रों को पढ़कर यह स्पष्ट हो जाता है कि उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में ही खड़ीबोली हिन्दी का प्रयोग व्यापक रीति से होने लगा था, यद्यपि उसने अभी साहित्यिक आदर्श रूप अवश्य ग्रहण नहीं किया था। अदालतों तथा इक़रारनामों की भाषा में प्राय: फ़ारसी शब्दों का मिश्रण अधिक स्वतंत्रता के साथ होता था, क्योंकि इन क्षेत्रों में अब तक फ़ारसी चल रही थी। निजी पत्रों में खड़ीबोली पर लेखक की

अपनी बोली का प्रभाव मिश्रित हो गया है। यही कारण है कि अनेक पत्रों में भोजपुरी, बुंदेली आदि का प्रभाव प्रधानतया व्याकरण के रूपों में दिखलाई पड़ता है। किन्तु इन सब प्रकार के मिश्रणों के पीछे खड़ीबोली का ढाँचा स्पष्टतया विद्यमान है। खड़ीबोली के विकास के अध्ययन में इन पत्रों से प्राप्त भाषा-सामग्री अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

इन पत्रों से उन्नीसवीं शताब्दी की देशी पत्र-लेखन-शैली के अतिरिक्त खड़ीबोली की समन्वयात्मक शक्ति, मुहावरेदानी और तद्भव-प्रधानता का परिचय प्राप्त होता है। वर्तनी की दृष्टि से भी उनका महत्त्व कम नहीं है।

× × ×

इस संग्रह में पत्र काल-क्रमानुसार रखे गए हैं। रियासतों के अनुसार उनका वर्गीकरण परिशिष्ट १ में दे दिया गया है कुछ पत्रों की पुनरावृत्ति जान-बूझकर की गई है, जैसे, ९५ और ९६, ११२ और ११६, १२६ और १२७, १४२ (ख, ग, घ) और १४३ (क, ख, ग), १४२ (क) और १४४, १४६ और १४७। विषय की दृष्टि से ये पत्र लगभग समान हैं। किन्तु शब्दों के प्रयोग और वर्तनी के अध्ययन की दृष्टि से वे तुलनीय हैं। भाषा-विज्ञान के विद्यार्थियों को उनमें रोचक सामग्री उपलब्ध होगी।

इस संग्रह की अँगरेज़ी में भूमिका लिखने के लिए हम प्रयाग विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफ़ेसर तथा अध्यक्ष श्री डॉ० बनारसीप्रसाद सक्सेना, के अत्यन्त आभारी हैं। अँगरेज़ी में लिखित भूमिका के साथ-साथ हिन्दी मे भी भूमिका दी गई है। दोनों भूमिकाएँ दो भिन्न, किन्तु परस्पर पूरक, दृष्टिकोणों से लिखी गई हैं। पाठकों से निवेदन है कि वे दोनों का अवलोकन करें। श्री प्रकाशचन्द्र गुप्त और श्री 'मोहन' अवस्थी के प्रति भी हम अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं जिन्होंने समय-समय पर सहायता प्रदान कर हमारा कार्य सरल बनाया।

हिन्दी विभाग
इलाहाबाद यूनीवर्सिटी
७ सितंबर, १९५९ ई०

संपादक

शुद्धि-पत्र

कृपया पृ० १६०-१६१ पर पत्र-सख्या इस प्रकार पढ़ें :—
१००, १०१, १०१ (अ)

अदना पत्र सरकार राजमान्ये राज श्री रघोजी भोसले सेना धुरंधर तहाये कला सचेत्रा के लैसली साहेब सुमासेन ईसर्मती सेन मयाल फताहा सीरगुजीया के फीरीयाद हमारे हजुर आई। वरवे प्रांत सीरगुजा के अमल है ते परंतु चुटीया नागपुर वाला के हातसा वरवे का अमल कर के पैसा लेते हव ये बात अछी नहीं। मात सीरगुजा हमारा है। सो दरोवस्त सीरगुजा के अमल जाहा तोडी होवेगा वाहा तुम वोलने ही अवर चुटीया नागपुर के चौथाई हम लेते थे सो जब तुम्हारा अमल हुवा तब सो चौथाई मीलती नहीं। सो अब दरोवस्त दर साल हुई हजार के जमा अमानत रही है सो तुम्हारे सो बुझाये लेवेंगे अवर बरवे के जमादार साल हुई। साठ हजार तसलमात चुटीया वाले तर्फ है सो सकुजी भोसले ईन कुं दीलवाये देना। ईते रोज सो हम कुं मालुम नहीं था। वरवे वाले ने तुम कुंअरजी फीरीयाद लीखा सो अर्जी व प्रवाना चप्रासी के हात तुम ने भेजा तद वही अंजी व अपनी अंजी हमारे हजुर सीरगुजा वाले ने भेजे तद येकसां मालुम हुवा। अब तुम्हारे हमारे भाईचारा है अैसा नवाब व पेसवा कहते हैं। जो अंगरेज सो भाईचारा कर के हमारे काम पर चीत देते नही सो हम ने तुम से भाईचारा कर के तुम हमारे होके हमार प्रगन सीरगुजा के रहे थे सो तुम वट्टा का पैसा लेते हव सो ना लेना। हमारे काम कुं षोटाई ना करना। हमार षाजगी प्रांत सीरगुजा के पाल के प्रगन उठारी के भया से बाच कर के जमा खाते रहे सो उस को तुमो ने कैद कर के पैसा मागते हव। तुम्हारे गया वाले का मसीभर अमल है। सो दोनों में गया वाले अगर हेदरावात के नवाब ये दोनो में कोई न लेना। हेदरावाद के नवाब बेलोजा के मोकरर जीमीन भाइ वाठाउढारी वाले के मसीयाव भर अमल है। मसीयाव के अमल तुम ने अगर कोई लेना उठारी के अमल हमारे है। पाल प्रगना हैई सो वहा तुम मत बोलना। अवर कोई बात की छेड़ा-छेड़ी मत करना। छेड़ाछेड़ी करोंगे तौ वात बीगड़ जावेगी। ये वात गया वाले सीटन साहेब व हेदरावाद के नवाब ईन कुं कहलाय भेजना। उठारी की मामलत जगा हमारे सीरगुजा के पेठ मो रुजु करवाई देना और बरवे के अमल बदलना। नागवन सींघ कुं ताकीद कर के बरवा रुजु करवाये देना नहीं तो चुटीआ नागपुर की जगा खराब होवेगा सो ना करना। ये काम षातर सकुजी भोसले पढाया है सो मसाला

रुपये पाँच हजार तुम ने देना। ये पाँच हजार जे चुटीया नागपुर सां समुज लेना। संकुजी भोसले कहे सो प्रमान करना और सुकुजी भोसले ईन कुं दर रोज रुपये पाँच षरच कुं देना। ये कहे सो मालुम करना। मीः आः सु० ७ सं: १८४९*

२ (क)

श्री श्री वासुदेव राये सहाये

नकल

श्री श्री वड़ा साहेव गरीव प्रवर सलामत।

आगे सरकार का खैर सलाह मोदाम रहा का वेहत्र चाहीअै जीसमो हमारा वेहत्री होऐ। सरकार का अेकवाल सो हमारा षैर सलाह है। आगे हुजुर सो प्रवाना आ आवौ मनोहर गांगोली आअे तीस सो हकीगत मालुम भअी। हुजुर का लीषने वमौजीव सजावल को काम सपुरद कर दीआ। सुनने मो आआ की कपीतांन साहेव कुच करी कै वरदा डेरा आआ सो सुनकै हमारा जीव् नहाइत उदास हुआ। सो आपके मेहरवानगी सो कपीतांन साहेव तमाड आऐ। थोरा षजाना दाखील हुआ वौ मुवलक पैसा वाकी है। सो आप मेहरवानगी करी कै कपीतांन साहेव को लीषा जाऐ जो दो कोपनी सीपाही तमाड तैनाथ रहे तो मुलूक वरजाऐ रहे वौ वाकी षजाना भी आदा होए। आगे प्रगने नवागढ भोजराऐ भुइहार हमार नौकर है। सो तीन साल मो मालगुजारी ऐक पैसा नहीं दीआ वौ हमसो रुजू भी नहीं है। अब वरवै का राजा वौ सुरगुजे का राजा वौ जसपुर का राजा तीनो मो मीलकै भोजराऐ नीमकहराम हमारा परगना वैरान कीअे है। सो आप षावीन्द हैं। दो कापनी तीलंगा वौ ऐक तोपका हजुर सो हुकुम होए तो इस नीमकहराम को मार कै नीकाल देहि। साहेव पावीन्द है जीसमो हमारा भला होऐ सो कीआ जाऐ। ज्याद अरज। मी० जेस सुदी ३ रोज़ संवत १८५२ साल—

अरजी महाराज श्री श्री देवनाथ साह देव का—†

(ख)

नकल

श्री श्री बड़ा साहेव गरीव प्रवर सलामति

सरकार का षैर सलाह मोदाम का वेहत्र चहीए जीस्ते हमारी भला होए। सरकार के एकवाल से इहा षैर सलाह है। आगे कैफीयत पेसत्र दफेआत अरज लीषा है

*Foreign Dept., 7th Jan., 1793, No. 25

†Foreign Dept., 24th Dec., 1795, No. 415

तीस्ते रौसन हुआ होगा। ऐक हजार ऐक रुपैआ १००१) षजाना मौजुद हुआ सो हरसाल कीआ है वमौजीव चलान के दाषील होगा। गरीव परवर सलामत हमारे ज्मीदार जागीरदारों का उरगुलान हजुर मो षुव रौसन है। सो दो तीन ज्मीदार वसीआ वरह गैआ। दिवान जैकीसुन राए वौगेरहे तो नीकाले गअे थे। भोजराऐ नवागढ वाला वाकी था सो जेरवार हुआ था। परगना जगह सभवें अमल खराब हो गआ था। पहार भी अमल हो गआ था। ऐक पहार षोह मो रह गआ था। इसके वाद नवइआ राजा वौ जसपुर परगना का राजा अमला सुरगुजा वौ सुरगुजा के राजे ने सभ मीली नवागढ का मदत कीआ। सभ मीली नरंगा करके नागपुर लुटने का इरादा रखा है। साझ सुवुह मे जाहीर होगा वलीक कासीर परगना मोतसील नागपुर वो सीकरी प्रगना दुइ प्रगना लुटे गए। वरवै ज्मीदारी हमारा अंगरेज वहादुर का अमला सो सुरगुजा नीचे करने का इरादा वा धीन है। इसप्र सुरगुजा वाला भी दरपै है। जव तकी हमार मुलुक भर का वात था अपना जागीरदार ज्मीदार तक तव तक हमही वहुत थे। अव दो तीन राज मोतफीक होकै नरंगा कीआ है सो साहेव षावीन्द वाली मुलुक है। मुलुक कंपनी का है। हम वावस्ते दामन है। जो षत्र लीआ जाता है तो चुआडो का तंवीह होता है। हरी तरह मालगुजारी फ्रमावरदारी में हमारा वोहदै वराइ है। सो ऐक चकती कपीत्तान साहेव को आवै जो तवां तीर कंपनी वमौजीव दरखास्त के आवै तो कजीआ रफा हो जाता है। नही तो वडा रंजीस का वात आऐ लगा है। मोफ्सील वोकील जाहीर करेगे। पनाह दामन दौलत का है। जेआदा हद अदव। मा० जेठ सुदी ९ रोज संवत १८५२ साल

अरजी महाराजे श्री श्रीदेवनाथ साहदेव

३

राम १

नकल चीठी

ली० शाहूजी वो घाशी मेहत्र वो शाकीर मेहत्र जुमल पंच का शलाम। इहा खैर है। तुम्हारा खैर चाही जीश से खातीर ज्मा होइ। आगे म्हघु मेहत्र वो शकल पंच को मालुम। महूंघु मेहत्र तुम्ह शभ पंच को लेकर चले आवना। तुम्ह पंच तलवाना दीवो है जो कोइ मुल्हाइवो जा फेरा वो पचमहला वो घीनाइवो दुखन मेहत्र वो फेर अशीन चक जमनगंढ सभ को जीई आवता। तलवाना का वात लगेगा शो तुम्ह चल आवना। ताकीद कर कर देर न होई। खत के देखते आवना। आगे वुध के रोज कलकता का प्रवाना पढा गआ है खुव वात होगा। शभ पंच के आवने से

शवाल कीआ जाईगा। पंचमील अवकी वात है नहीं तो जेरवार करेगा। हुकुम नाम हो जागा*

४ (क)



हुकुम इसतहार उह कै पहीले इशके तारीख उनइशइ १९ माह मइ शन १७९६ इशवी को वमौजीव चीठी मीशतर फररै साहेव कीलीकटर जीला वीरभुम के वाशते हाजीर होने राजाराम शाकीन मौजे बहादुरपुर परागने हवेली वीहार वो मोहीव अली शाकीन मौजे लहशुनां प्रगने शांडावलीआ के शुननां। इजहार उन्हो का शाहेव मौशुफ के इहा जरुर था। चीठी तलव उन्हो का सादीर पाआ था लेकीन उन्हो शे चपराशी के ताइ मुलाकात न हुआ। अब चीठी शाहेव कोशल कलकता का लीखा हुआ पंदरही माह जुलाई शन १७९६ अंगरेजी का इश मजमुन से पहुचा के शाइद वै शभ इश डर शे के जीला वीरभुम के मंजील दुर है जांनां होगा मुलाकात चपराशीवो शे मुलाकात न दीहीन। वाशते दुर होने डर उन्हो के शाहेव कलकते से हुकुम दीहीन के अव इजहार उन्हो का वीच कचहरी अदालत दीवानी जीले वीहार के होगा। इस वाशते इशतहार वो। वो। ढीढोरा दीआ जाता है के वै शभ इह डर वेजार को न रखे। कीश वाशते के अव इजहार उन्हो का वीच कचहरी अदालत दीवानी जीला वीहार के होगा चाहीइ के अपनो केता इकठी कर और वलकि मावैन अरशे दश रोज के कचहरी अदालत दीवानी जीला वीहार के हाजीर होऐ। वतारीख २७ माह जौलाइ सन १७९६ इशवी मोतावीक ७ माह शावन शन १२०३ फशली को लिखा गआ †

(हस्ताक्षर फ़ारसी लिपि में)

---

*Foreign Dept., 26 August, 1796, No. 303

†Foreign Dept., 22nd October, 1796, No. 393

(ख)



नाम तुम्हार केआ है	आतमांराम
कहाँ रहता है व़ो केआ काम करता है	वीरभुम मो रहते है व़ो कलकतर उश जीले के है तीन्ह के हम चपराशी है
जीले वीहार मो कीश व़ाशते आऐ हव़	सरकार के काम व़ाशते आऐ हैं
कव़न शरकार व़ो कीश काम व़ाशते आऐ थे	तलव चीठी वनाम राजाराम के जीला वीरभुम के कलकतर के दशखत शो लाऐ थे
उअह हुकुम अमल मो ले आव़ने के व़ाशते केअ हुआ	जब हम चीठी शाहेव कलकतर का ले कर कै इहा आऐ तब ईश जीले के चपराशी को हमारे कुमुक के व़ाशते तैनात कीआ गएआ। हजुर शो तव हम इहा का चपराशी के साथ वीहार गऐ। उहां शे काजी का आदमी शाथ ले करके मौः वहादुरपुर मो जहां उअह रहता है गऐ। उहां राजाराम नही मीला। ऐक कुशाध ने कहा जो शाहेवगंज गए आव़ा। कुशाध ने कहा जो दश रोज आगे अगर आव़ते तो पकरा जाता। अव घर मो नही है शाहेव-गंज गए आवा। उश के उहां इशतहार व़ो मोनादी फेरा गआ। जब उह नही मीला तव फीर के चले आऐ
जब तुम्ह साहेवगंज उहां शो फीर के आऐ तब ईहा केअ हुआ	जब इहां फीर आऐ तब इहां भी चपराशी हजुर का उस के तलाश करने व़ाशते हमारे शाथ मीला। हम हजुर के

	चपराशी के साथ बहुत तलाश कीआ मगर कही ईहा भी राजाराम नही मीला
तुम्ह अपने दील मो ज़ानते ह़व जो कीश व़ाशते नहीं मीला	इअह हमको मालुम नही जो कीश व़ाशते नही मीला

फ़ारसी लिपि में हस्ताक्षर आदि

(ग)

मोहर अदालत
दीवानी जीला
वीहार १२-५०

नांम तुम्हारा केआ है	हनुमांनदत
कहां रहते ह़व केआ काम करते ह़व	वीरभुम मों रहते है व़ो उश जीले के कलकतर के कचहरी में चपराशी है
जीला वीहार मों कीश व़ाशते आए ह़व	मोहीव अली व़ो राजाराम ईन्ह दोनो असामीओ के गीरफतार करने के आऐ है
जब तुम्ह इंहा आऐ तब केअ हुआ	हजुर शो ईश अदालत का चपराशी हमारे शाथ उश के गीरफतार करने व़ाशते तैनात हुआ व़ो काजी प्रगने के आदमी को शाथ ले कर के मौः लहशीनां जहां मोहीव अली रहता है जा करके उश को तलाश कीआ न्ही मीला। उस गांव के लोग कहने लगे जो इहां शो भाग गएआ
फेर तव केआ हुआ	आखीर काजी ने अरजी हजुर के व़ाशते लीख दीआ। तव हम चले आऐ
उस गांव मो ईशतहार फेरा गऐआ था	ईशतहार व़ो ढींढोरा फेरा गएआ था तब भी न्ही मीला
तब केआ हुआ	फेर उहां शों फीर कै साहेबगंज आऐ
तुम्ह अपने दील मों जानते ह़व जो कीश व़ाशते भाग गए आ	हम नहीं जानते

तुम्ह जानते ह़व जो उशके पकरने वाशते
आउर भी कुछ नकशा हो शकता है अव केआ हो शकता है

(घ)



नाम तुम्हरा केआ है आतमा राम

कहां रहता है व़ौ केआ काम करता है वीरभुम मो रहते है व़ौ कलकतर उश जीले कै है तीन्ह के हम चपराशी है

जीले वीहार से कीश व़ाशते आऐ ह़व शरकार के काम व़ाशते आऐ है

कव़न शरकार व़ौ कीश काम व़ाशते आऐ थे तलव चीठी वनाम राजाराम के जीला वीरभुम के कलकतर के दशखत शो लाऐ थे



उह हुकुम अमल मो ले आव़ने के वासते केआ हुआ जव हम चीठी शाहेव कलकतर का लेकर ईहा आऐ तव इस जीले के चपराशी को हमारे कुमुक के व़ाशते तैनात कीआ गआ। हजुर शाहेव हम इहां का चपराशी के शाथ वीहार गऐ। उहां काम का आदमी शाथ ले कर कै मौ० वहादुरपुर मो जहां उइ रहता है गऐ। उहां राजाराम न्ही मीला। ऐक

कुशाध नै कहा के शाहेवगंज गआ। वौ कुशाध नैं कहा जो दश रोज आगे आगर आवते तो पकरा जाता अव घर मो न्ही है। शाहेवगंज गऐआ वाद उश के उहा इशतहार वौ मोनादी फेरा गआ। जब उइ नही मीला तब फीर कै चले आऐ—

जब तुम्ह शाहेवगंज उहा शो फीर कै आऐ तव इंहा केआ हुआ—

जब ईहां फीर आऐ तव ईहां भी चपराशी इधर का उसके तलाश करने वाशते हमारे शाथ मीला। हम हुजुर के चपराशी के साथ बहुत तलाश कीआ मगर कही इंहा भी राजाराम नही मीला

तुम्ह अपने दील मो जानते हव जो कीश वाशते नही मीला

इअह हमको मालूम नही जो कीश वाशते नही मीला

हस्ताक्षर आदि (फ़ारसी लिपि)

५

मोहर

(फ़ारसी लिपि में) १२०० उमेदराय

(फ़ारसी में)

× × ×

शवाल शाहवे मजशरट शौ—

तुम्हारा ईजहार कौन हरफ मो लीखा जाए

जवाव

हमारा ईजहार हीदुवी मो लीखा जाऐ

चुनाराम ने जाहीर कीआ जो हम पर

मोहर नालीश कीआ है शो शभ झुठ
है। दावा अपना शावीत करे

(फ़ारसी में)

× × ×

शवाल शाहेब मजशटरट के तरफ शो
तुम्हारा इजहार कौन हरफ मो लीखा जाऐ
जवाव
हंम हीदवी वात वोलते है

आग आइ जाहीर कीआ की ऐशोका माह शावन था। दीन तारीख इआद नही है। एक घरी दीन चढा था। तब हम दारोगा रामलोचन के पाश रोजी के वाशते जो दशतक चीठी ढोते है गऐ थे। उहा शो अपने घर को चले। जव दारोगा के दरवाजा प्र वाहर आऐ तव देखा जो रधीआ मोहन मुद्इ का छोकरी रोती चली आव है। तव हम देखा औ चीन्हा जो रधीआ है। तव कहा जो रोती कहा जाती है औ काहे रोती है। तव कहीश जो मोहन के कवीला ने मारपीट कीआ है और मोहन भी मारा है शो दारोगा की हा नालीश करने जाते है। तव हम डांटा जो की वह नालीश करने जाती चल हमारे घर हम मोहनशीघ को डांटेगे। तव हम अपने घर ले गए। वाद इसके मोहनशीघ की हां जाऐ के कहा जो तुम्ह अपना छोकरी जो कीवो मारपीट करते हौ। नालीश करने जाती थी हम फेर के अपने घर लाऐ है। तव मोहन हमारे घर रधीआ को लावने चला। हमारे घर गआ तव नही देखा जो रधीआ कहां गइ है। तव हमारे कवीला कहा जो नोनी कांमीन की हां जाऐ के रही है। तव हम दोपहर शो कुछ वेला कम था तव जाऐ के देखा जो शच नोनी कामीन की हां है। तव मोहन अपने घर गआ। वाद इशके शाम को हम तालाव शो हो के दारोगा के दरवाजे प्र पहुंचे औ नुनी कामीन वजार शो उहां पहुंची औ मोहन भी अपने घर शो उहा उश ही वखत आ आ। तव हमारे रुहवरु मोहन कामीन शो कहा जो हमारे छोकरी को कीवो रखा। तब कामीन कहा जो हम छपा के न रखा है आप ही हमारे घर मो आइ है। तव मोहन हमको शाथ लेके नुनी के घर गऐ। उहा रधीआ शो मुलाकात हुआ। तव मोहन कहा जो रधीआ चल। तव उअह कहा जो हम तुम्हारे घर नही जाहीगे। तव हाथ पकर के मोहन खैंच के उठा के गाली देते ले चला औ रधीआ भी रोती चली। जव दारोगा के दरवाजे प्र जो उश दरवाजा के शामने जाने का राह था पहुची तव नही गइ। वहुत रधीआ गुल कीआ औ मोहन वहुत उशको गाली दीआ। तव रधीआ कहने लगी जो हमको पहले भी मारपीट कीआ गाली दीआ अव भी इहा मोहन मारता है गाली देता है। तव वहुत जो गुल हुआ तव दारोगा के मकान शो चुनाराम वरकंदाज आऐआ औ कहा जौ कौन गुल फशाद कर रहा है। अव ही दारोगा वहुत गुल शुना है शो चलो दारोगा के पाश। तव रधीआ कहीश जो हमको

मोहन मारपीट कीआ। गाली दीआ है शो इहा शो हमको जोर शो ले जाता है औ गाली देता है। तीश प्र चुनाराम रघीआ को औ मोहन को दारोगा के पाश लेगआ। तव दारोगा पुछा जो कौन गुल करता था। तव रघीआ कहा जो हमको मोहन गाली दीआ औ मारपीट कीआ है शो अव ही तुम्हारे दरवाजे शो पकरे जाता था शोइ गुल करते थे। तव दारोगा मोहन को कहा जो कीवो मारपीट करता है। तव हमारे रुवरुह मोहन कहा जो हमारी लौडी है हम नही मारहीगे। तव दारोगा कहा अव ही जाव काल्ह इश को वुझहीगे इश वखत रात हुआ। तव रघीआ को मोहन कहा जो चल। रघीआ कहीश जो हम नही तुम्हारे घर जाहीगे रुपा के घर जाहीगे। इस प्र मोहन रघीआ को छोड दीआ। रघीआ हमारे घर न गइ। मगर हम देखते थे जो नोनी कामीन के घर गइ। हम एतने जानते है। शेवाऐ कुछ नही जाने

शवाल मुदइ शो

जव हम डेढ पहर रात जात दारोगा की हां गऐ थे तव दारोगा ने हम को गरदनीआ देके नीकाल दीआ औ राधा को अपने मकान मो रखा था इआ नही

जवाव

हम डेढ पहर रात की वात नही जानते है औ न देखा जो राधे को दारोगा अपने पाश इआ मकान मो रखा है

शवाल शाहेब मजशटरट शो

वडे फजीर उशके रघीआ दारोगा के पाश गइ थी तुम्ह देखा था

जवाव

वडे फजीर दारोगा की हा न गऐ औ न उहां रघीआ को देखा था

शवाल शाहेब मजशटरट शो

मोहन का घर औ तुम्हारा घर केता तफावत प्र है

जवाव

हमारे घर शो मोहन का घर जैशे कचहरी का मकान शो शीपाही लोग को गारद का मकान है ऐतने तफावत है। अशी कदम तफावा होगा। उसके दरमीआन मो शीरीफ दारोगा का घर वो वाडी है औ मोहन का घरबारी है—

शवाल

तुम्हारे रुवरुह बाद ही मोहन रघीआ को मारा है इआ तुम्हारे शो आउर भी रघीआ कदही कहीश था जो मोहन मारपीट कीआ है

जवाव

इसके शेवाऐ आउर कदही मोहन को मारते रघीआ को न देखा औ न कुछ राधे कहीश था औ न शुना था। मगर जव शो अवरीक राधे शो कजीआ हुआ तव शो रघीआ का कंचनी वैरागीन के पाश जाके रही है औ उश शो कुछ इलाका है इआ नही है हम नही जानते है। कंचनी बैरागीन है—

(फारसी लिपि में)

× × ×

शवाल शाहेब मजशटरट शो
तुम्हारा इजहार कौन हरफ मो लीखा जाऐ

जवाव

